क.रा.बी.नि. आदर्श अस्पताल, रामदरबार, चंडीगढ़ में 29 सितम्बर 2023 को मनाया गया "राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह"

कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय के निर्देशानुसार, क.रा. बी. नि. आदर्श अस्पताल, रामदरबार, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़े के दौरान क.रा.बी.नि. आदर्श अस्पताल, रामदरबार द्वारा विभिन प्रतियोगिताओं जैसे हिंदी निबन्ध, हिंदी वाक्, हिंदी टिप्पण-आलेखन, राजभाषा ज्ञान आदि का आयोजन किया गया।

दिनांक 29 सितम्बर 2023 को "राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह" का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक महोदया डा. सीमा सिंघल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति सिंह, सहायक निदेशक (सेवानिवृत),के.हि.शि.सं,चंड़ीगढ़ रही। समारोह का शुभारम्भ सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति के साथ किया गया। तत्पश्चात माननीय गृहमंत्री के भाषण का वाचन किया गया तथा महानिदेशक की अपील को पढ़कर सुनाया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि ने अपने वाचन में राजभाषा हिंदी के संबंध में अपने अनुभव साझा किए व दैनंदिन कार्यप्रणाली में आने वाली हिंदी संबंधित समस्याओं के बारे में विचार रखे। इसके पश्चात राजभाषा पखवाडे (दि.14 सितंबर से 29 सितंबर तक) के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए तथा मंचासीन अधिकारियों के कर-कमलों द्वारा विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस समारोह में क.रा.बी.नि. आदर्श अस्पताल, रामदरबार, चंडीगढ़ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अंत में सभी गण मान्य उपस्थितो का धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन किया गया।

+++++++++++++++++++++++++